अमर उजाला JobAlert safalta.com

चाहे सरकारी क्षेत्र हो या प्राइवेट, देश में नौकरियों की कोई कमी नहीं है। जरूरत बस इतनी है कि समय रहते युवाओं को इनकी जानकारी मिलती रहे।

ऐसी ही कुछ नौकरियों पर डालें एक नजर :

डिप्टी रजिस्ट्रार व अन्य पद

भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान बरहमपुर

20 कुल पद

शैक्षणिक योग्यता : पदों के अनुसार अलग-अलग निर्धारित।

आयु सीमा : अधिकतम आयु 30/35 /40/45/55/57 वर्ष (पदानुसार)

वेबसाइट: www.iiserbpr.ac.in

पदों का विवरण: सुपरिटेंडेंट इंजीनियर, डिप्टी रजिस्ट्रार, टेक्निकल ऑफिसर, लैब टेक्निशियन इत्यादि।

अंतिम तिथि 07 मई, 2017

शुल्क: GEN/OBC: 50 रुपये SC/ST/PWD: नि:शुल्क

आवेदन प्रक्रिया : उम्मीदवार संबंधित वेबसाइट पर क्लिक करके ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। आगे की चयन प्रक्रिया के लिए उम्मीदवार आवेदन पत्र का प्रिंटआउट सुरक्षित रख लें।

job of the day

भारतीय डाक विभाग में पाएं नौकरी

भारतीय डाक (असम)

467 कुल पद

शैक्षणिक योग्यता : मान्यताप्राप्त बोर्ड से 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण। पहली बार में 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

आयु सीमा: 18 से 40 वर्ष निर्धारित।

पद का विवरण : ग्रामीण डाक सेवक

वेबसाइट: www.indiapost.gov.in

अंतिम तिथि 06 मई, 2017

आवेदन शुल्क: GEN / OBC वर्ग के लिए 100 रु. और SC/ST एवं महिला वर्ग के लिए आवेदन निःशुल्क है।

ऐसे करें आवेदन : इच्छुक उम्मीदवार आवेदन करने के लिए संबंधित वेबसाइट पर क्लिक करके ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सावधानीपूर्वक पूरी करें। उम्मीदवार आगे की चयन प्रक्रिया के लिए आवेदनपत्र का प्रिंटआउट सुरक्षित रख लें।

वॉक-इन-इंटरव्यू

दादर एवं नगर हवेली, सं.प्र.

16 कुल पद

शैक्षणिक योग्यता: विज्ञापित पदों के अनुसार अलग-अलग निर्धारित

आयु सीमा: उम्मीदवारों की अधिकतम आयु 35/45 वर्ष (पदों के अनुसार अलग-अलग) होनी चाहिए।

पदों का विवरण : स्पेशलिस्ट, मेडिकल ऑफिसर

वेबसाइट: www.vssc.gov.in

साक्षात्कार की तिथि 21 अप्रैल, 2017

साक्षात्कार स्थल श्री विनोबा भावे सिविल अस्पताल, दादर एवं नगर हवेली, सिलवासा- 396230

आवेदन प्रक्रिया : विज्ञापित पदों पर आवेदन करने के लिए इच्छुक उम्मीदवार अपने रेज्यूमे के साथ सभी वांछित दस्तावेजों मूल व छायाप्रतियों को साथ लेकर निर्धारित तिथि को नियत पते पर सुबह 10: 00 बजे से पहले पहुंचे।

टीएचडीसी इंडिया में करें आवेदन

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड THDC india LTD. www.iocl.com

पदों का विवरण : कनिष्ठ सहायक और परिचारक

शैक्षणिक योग्यता : कनिष्ठ सहायक के लिए 25 शब्द प्रति मिनट की कंप्यूटर टाइपिंग गति के साथ स्नातक और परिचारक के लिए 8वीं पास।

अंतिम तिथि: 15 मई, 2017

आयु सीमा: न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 30 वर्ष

ऐसे करें आवेदन: विज्ञापित पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र को सावधानी पूर्वक भर कर सभी वांछित दस्तावेजों के साथ निर्धारित पते पर अंतिम तिथि तक भेज दें।

आवेदन भेजने का पता उपप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन), टीएचडीसी इंडिया लि. वी. पी. एच. ई. पी. अलकनंदा पुरम सियासैण, पीपलकोटी, जिला चमोली, उत्तराखंड पिन- 246472

आज का सवाल

मैं बीए में हूं और 12वीं कॉमर्स से पास की है। आगे मुझे क्या करना चाहिए?

- रविंद्र चौहान

जवाब: आप बीए के साथ विभिन्न सरकारी नौकरियों के लिए तैयारी कर बेहतर करियर बना सकते हैं। आपके लिए रेलवे, एसएससी व अन्य क्लेरिकल पदों पर नौकरियों के अनेक अवसर मौजूद हैं। आप बीए करने के बाद सिविल सेवा की तैयारी भी कर सकते हैं। चूंकि आज के समय में युवा कई प्रोफेशनल कोर्स कर अन्य क्षेत्रों में प्रवेश कर रहे हैं। अगर आपको मीडिया में रुचि है, तो आप जर्नलिज्म का कोर्स कर अपना करियर बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त मैनेजमेंट या सॉफ्टवेयर से संबंधित कोई कोर्स भी कर सकते हैं। इसके अलावा टैली का कोर्स कर आप अकाउंटिंग के क्षेत्र में भी अपना करियर बना सकते हैं।

अपने सुझाव और सवाल हमें इस लिंक पर भेजें- www.safalta.com/ask

क्लिक करें www.safalta.com और खरीदें SBI-PO (प्री.) मॉक टेस्ट सीरीज (E.) मात्र 149/- रुपये में

सेना भर्ती में कई अभ्यर्थी दौड़ में बेहोश

रैली के दूसरे दिन फतेहपुर के युवा दौड़े

अमर उजाला ब्यूरो

कानपुर।

सेना भर्ती रैली में दूसरे दिन रविवार को फतेहपुर की भर्ती रैली में पंजीकृत 9908 के सापेक्ष 6312 अभ्यर्थी दौड़ में शामिल हुए। 27 राउंड में दौड़ में जीडी सैनिक, सैनिक तकनीकी, नर्सिंग सहायक, क्लर्क ट्रेड के 601 मैदान मार सके। उन्हें बॉयोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन के बाद प्री फिटनेस और प्री मेडिकल टेस्ट के लिए भेजा गया। चेस्ट के फुलाव में काफी अभ्यर्थी अनफिट रहे। कई अभ्यर्थी दौड़ में बेहोश होकर गिरे, कुछ को चोट भी आई।

कुछ कदम पहले रूठी विपिन की किस्मत

विपिन कुमार 1600 मीटर की दौड़ पूरी करने में कुछ कदम पीछे थे कि अचानक गश खाकर बेहोश हो गए। वह दो अभ्यर्थियों के पीछे था, दौड़ में सफलता तय थी। उसे आधे घंटे बाद होश आया। इसी तरह नाजिम खान चौथे राउंड में गश खाकर औंधे मुंह गिरा। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। मेडिकल टीम की देखरेख में वह सामान्य हुए। अश्वनी कुमार समेत आधा दर्जन अभ्यर्थी चुटहिल हुए। उनका प्राथमिक उपचार हुआ।

फोटो मिलान न होने पर वापस लौटे

फोटो मिलान न होने पर 78 अभ्यर्थी दौड़ मैदान में प्रवेश नहीं कर सके। उनका प्रवेश पत्र जब्त कर लौटा दिया गया। जिन अभ्यर्थियों के पास से शक्तिवर्धक दवाएं मिली, उन्हें भी बाहर का रास्ता दिखाया गया।

30 जुलाई को लिखित परीक्षा

भर्ती बोर्ड निदेशक कर्नल दीपक शर्मा ने बताया कि 30 जुलाई को लखनऊ में लिखित परीक्षा होगी। मेडिकल के बाद परीक्षा संबंधी ट्रेड के सफल अभ्यर्थियों के घर पर प्रवेश पत्र भेजा जाएगा। इसमें परीक्षा केंद्र का आदि विवरण उपलब्ध होगा।

अभ्यर्थी दोबारा कर सकते हैं दावा

प्री मेडिकल टेस्ट (पीएमटी) में लंबाई, वजन और छाती के फुलाव में फेल होने वाले अभ्यर्थी सेना अफसरों से दोबारा जांच की मांग कर सकते हैं। कर्नल दीपक शर्मा का कहना है कि शनिवार को 10 अभ्यर्थी चेस्ट फुलाव में अनफिट हुए थे। इसमें दोबारा जांच में एक अभ्यर्थी का चेस्ट ठीक मिला। उन्होंने बताया कि कई बार अभ्यर्थी हड़बड़ाहट में पहले से सीना फुला लेते हैं और नाप के समय सीना डाउन हो जाता है। इसी तरह लंबाई जांच में भी हड़बड़ाहट में अभ्यर्थी अनफिट हो जाते हैं। ऐसे में वे दोबारा जांच करवा सकते हैं।

आज गोंडा की भर्ती

सेना भर्ती रैली में सोमवार को गोंडा के अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। विभिन्न पदों केलिए यहां से 8038 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। सभी अभ्यर्थी छावनी के सिविल एरोड्रम (कवैलरी मैदान) में बैठाए जाएंगे। यहां से प्री हाईट टेस्ट के बाद बारकोडिंग के सत्यापन के बाद अखौरा रेजीमेंट स्थित मैदान में दौड़ के लिए भेजा जाएगा।

विद्युत उपभोक्ताओं के लिये

"खुश खबरी" "खुश खबरी" "खुश खबरी"

विलम्बित भुगतान अधिभार ऐमनेस्टी योजना

"शहरी क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं के लिये बत्ती एवं पंखा, वाणिज्यक निजी नलकूप, निजी संस्थान व एल.एम.वी.-6 के बिलों के भुगतान करने पर विद्युत अधिभार पर छूट प्राप्त करने का सुनहरा अवसर"

जनपद फर्रुखाबाद के शहरी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि घरेलू बत्ती एवं पंखा वाणिज्यक, निजी नलकूप, निजी संस्थान व एल.एम.वी.-6 संयोजनों पर विद्युत बिल जमा करने पर माह : मार्च 2017 तक के बकाये पर अधिभार की छूट निम्नवत् लागू की गई है।

योजना दिनांक 15.04.2017 से प्रारम्भ

विद्युत संयोजन का प्रकार, घरेलू बत्ती व पंखा एम.एम.वी.-1, वाणिज्यक एम.एम.वी.-2, निजी नलकूप एम.एम.वी.-5, निजी संस्थान एम.एम.वी.-4/(ब), लघु व माध्यम औद्योगिक एम.एम.वी.-6 क्रमशः पंजीकरण राशि, ₹1000/-, ₹1000/-, ₹1000/-, ₹5000/-, ₹5000/- पंजीकरण की अंतिम तिथि, 31.05.2017, 31.05.2017, 31.05.2017, 31.05.2017, 15.05.2017 विद्युत अधिभार में छूट का प्रतिशत, 100%, 100%, 100%, 100%, 50%

अनुरोध है कि विद्युत बकाये का भुगतान कर योजना का लाभ उठायें।

नोट:- पंजीकरण कराने हेतु अवर अभियंता/ उपखण्ड/ खण्ड कार्यालय से संपर्क करे।

अधिशासी अभियंता,
विद्युत (नगरीय) वितरण खण्ड, फर्रुखाबाद
राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें

अल्पकालीन निविदा सूचना आमंत्रण



मैथ्स में उलझे, केमिस्ट्री ने किया पसीना-पसीना

12 परीक्षा केंद्रों पर हुई यूपीएसईई
95 प्रतिशत दर्ज हुई उपस्थिति

अमर उजाला ब्यूरो

कानपुर।

प्रदेश के इंजीनियरिंग, बीफार्मा, आर्किटेक्चर कॉलेजों में एडमिशन के लिए रविवार को यूपी राज्य प्रवेश परीक्षा (यूपीएसईई) आयोजित की गई। इस परीक्षा को देने के बाद स्टूडेंटों ने बताया कि मैथ का पेपर काफी उलझाने वाला था। केमिस्ट्री के सवालों ने भी पसीना छुड़ाया।

प्रदेश के 162 सेंटर आयोजित हुई परीक्षा में 93 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति दर्ज की गई। कानपुर, कानपुर देहात और बांदा के 15 केंद्रों पर हुई पहली पाली की परीक्षा में 95 प्रतिशत व दूसरी पाली की परीक्षा में 55 प्रतिशत स्टूडेंटों की उपस्थिति दर्ज की गई। पहली पाली में फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ का पेपर था। गणित व केमिस्ट्री के सवाल टफ थे। फिजिक्स ने जरूर राहत दिया। दूसरा पेपर फिजिक्स, केमिस्ट्री व बायोलॉजी का था। इसमें बॉयोलॉजी का पेपर छात्रों को परेशान करने वाला था। तीसरा पेपर एग्रीकल्चर का था। यह पेपर आसान था। दूसरी पाली में आर्किटेक्चर का एग्जाम था। इसके पेपर छात्रों को आसान लगे।

एनसीईआरटी बेस्ड पेपर थे

बीटेक के लिए पेपर 600 मार्क्स का था जो कि तीन भाग में डिवाइड था। इसमें मैथ्स, फिजिक्स और कैमिस्ट्री का प्रत्येक सेक्शन 200-200 मार्क्स का था। पीएसआईटी में पेपर देने आए कल्याणपुर के नवीन कुमार ने बताया कि पेपर में मैथ व केमिस्ट्री थोड़ी कठिन थी। ज्यादातर सवाल एनसीईआरटी की किताबों से ही पूछे गए थे। वहीं प्रवीण ने बताया कि गणित का सेक्शन थोड़ा लेंदी था, लेकिन ओवरऑल पेपर आसान था।

ऑनलाइन आधार मैचिंग कर हुई अटेंडेंस

यूपीएसईई के जोनल कोऑर्डिनेटर व केआईटी के डा. बृजेश वार्ष्णेय ने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर 9 :30 बजे ही बुला लिया था। आवेदन फॉर्म में दिए गए आधार नंबर से मिलान और छात्रों का थंब इंप्रेशन लेने के बाद स्टूडेंटों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया।

व्हाट्सएप से हुई निगरानी

प्रदेश के सभी सेंटरों की निगरानी के लिए व्हाट्सएप का प्रयोग किया गया। एकेटीयू के प्रोफेसर व यूपीएसईई के कोआर्डिनेटर प्रो. कुलदीप सहाय ने बताया कि एग्जाम में नकल न हो व किसी छात्र को परेशानी न हो इसके लिए स्टेट लेवल पर व्हाट्सएप से निगरानी की गई। इसी का कारण है कि इस बार परीक्षा देने वाले छात्रों की संख्या में 6 प्रतिशत का इजाफा हुआ।

मनोरंजन, लाइफस्टाइल की हर खबर amarujala.com पर

आईएसएस और आईईएस का एडमिट कार्ड जारी

कानपुर (ब्यूरो)। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने इंडियन स्टेटिस्टिक्स सर्विसेज (आईएसएस) और इंडियन इकोनॉमिक्स सर्विसेज (आईईएस) एग्जाम के लिए ई-एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। यह एग्जाम देशभर के 19 केंद्रों पर 12 मई को होनी है। इसके जरिए आईईएस के 15 और आईएसएस के 29 रिक्तियों को भरा जाना है। आवेदनकर्ता आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट www.upsc.gov.in से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

आईआईटी स्टूडेंट नेशनल लेबोरेट्री से कर पाएंगे इंटर्नशिप

अमर उजाला ब्यूरो

कानपुर।

आईआईटी के एयरोस्पेस डिपार्टमेंट के स्टूडेंटों को नेशनल लेबोरेट्री, डीआरडीओ और इसरो जैसे संस्थानों से इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। अभी तक इस डिपार्टमेंट के स्टूडेंटों को इंटर्नशिप करने का मौका नहीं मिलता था। डिपार्टमेंट के स्टूडेंटों ने शनिवार को नीति आयोग के सदस्य और रक्षा मंत्रालय के पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार पद्म भूषण विजय कुमार सारस्वत के सामने यह बात रखी। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया कि वे जल्द ही इसको लेकर पॉलिसी तैयार करेंगे। उन्होंने एयरोस्पेस के पाठ्यक्रम में बदलाव की भी बात कही।

आईआईटी के एयरोस्पेस डिपार्टमेंट द्वारा 'रिसर्च स्कॉलर डे' पर आउटरीच हॉल में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया था। विजय कुमार सारस्वत दूसरे दिन के नोट स्पीकर थे। उन्होंने कहा कि रिसर्च पर ज्यादा फोकस नहीं होता। हम कुछ नया डिजाइन करने की नहीं सोचते। विदेशों से जो डिजाइन आता है, उसी पर मैन्युफैक्चरिंग करते हैं या अपग्रेड करते हैं। अब रिसर्च पर समय देना होगा और फिर देखिए नतीजा। उन्होंने इंस्टीट्यूट में वैल्यु एडिशन सेंटर भी विकसित करने की बात कही। यह सेंटर विभिन्न संस्थानों से कोऑर्डिनेट कर रिसर्च को बढ़ावा देगा। इस दौरान इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर प्रो. इंद्रनील मन्ना, आईआईएससी बैंगलूरु के प्रो. रघुनंदन, एडीआरडीई के डॉ. डी चक्रवर्ती, जेसी बोस सेंटर फॉर एडवांस टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर जीसी दत्ता, प्रो. डीपी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, फतेहपुर

पत्रांक :- 138/ 43/ निर्माण/ न.पा.प.फ. (2017-18) दिनांक :- 15.04.2017

निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद फतेहपुर में वर्ष 2016-17 में समस्त पंजीकृत (उत्तर प्रदेश के किसी भी राजकीय विभाग में) ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि अमृत योजना के अन्तर्गत स्वीकृत पार्क एवं ग्रीन स्पेस योजना हेतु दिनांक 08.05.17 को अपरान्ह 3:00 बजे तक सील बन्द निविदायें टेक्निकल/ फाईनेनशियल आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 4:30 बजे निविदादाताओं/ प्रतिनिधि की उपस्थिति में अपर जिलाधिकारी/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय के समक्ष खोली जायेगी। जिसमें टेक्निकल बिड क्वालीफाई करने वाले निविदादाताओं को ही फाइनेनशियल बिड प्रतिस्पर्धा में शामिल किया जायेगा।

निविदा (टेक्निकल बिड एवं फाइनेनशियल बिड) दिनांक 06.05.17 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमाकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ 2% धरोहर राशि NSC/ FDR/ बैंक गारन्टी पत्र जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फतेहपुर के पक्ष में बन्धक हो मूल रुप में संलग्न करना अनिवार्य है। कार्ययोजना से संबंधित किसी भी जानकारी/ शर्त आदि को किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक देखा जा सकता है।

क्र. सं.	कार्य योजना का नाम	स्वीकृत लागत		धरोहर धनराशि	निविदा मूल्य (5%) व्यापार कर	कार्य की अवधि	ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी
		योजना	O & M				
1.	हिकमत उल्ला पार्क का निर्माण कार्य।	40.50 लाख	6.50 लाख	0.94 लाख	1000+ वैट	6 माह	
2.	गांधी पार्क का निर्माण कार्य।	6.99 लाख	0.96 लाख	0.16 लाख	1000+ वैट	6 माह	
3.	महाराणा पार्क का निर्माण कार्य।	16.24 लाख	1.92 लाख	0.37 लाख	1000+ वैट	6 माह	
4.	ज्ञान मन्दिर के सामने अशोक कुमार पार्क का निर्माण कार्य।	9.25 लाख	1.00 लाख	0.21 लाख	1000+ वैट	6माह	

* **अन्य शर्तें निम्नवत रहेंगी।**

1. कार्य योजना के अन्तर्गत सम्मिलित समस्त घटक जैसे-
   - सिविल वर्क
   - हॉर्टिकल्चर एवं लैण्डस्केपिंग
   - चाइल्ड प्ले ऐरिया डेवलपमेंट
   - बेन्च डस्टबिन
   - सोलर लाईट/हाई मास्ट एवं स्ट्रीट पार्क लाइटिंग
   - फाउन्टेन
   - पेयजल व्यवस्था आदि।

   कार्य करने हेतु निविदा दाताओं को अनुभवी/तकनीकी स्टाफ रखना अनिवार्य है।
2. निविदादाताओं को कार्ययोजना के क्रियान्वयन के साथ-साथ उसके अगले 5 वर्षों तक का रख-रखाव करना अनिवार्य है। जिसमें जमानत धनराशि रख-रखाव अवधि बीतने के पश्चात रिलीज की जायेगी।
3. निविदा स्वीकृत होने की सूचना राज्य स्तर पर गठित तकनीकी समिति की स्वीकृति मिलने के उपरान्त दी जायेगी। स्वीकृतोपरान्त ही कार्यादेश जारी किया जायेगा।
4. सशर्त टेण्डर पर विचार नहीं किया जायेगा।
5. नियमानुसार आयकर एवं व्यापार कर, श्रमकर, रायल्टी आदि की कटौती की जायेगी।
6. टेण्डर स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित कीमत के स्टाम्प पर अनुबंध करना अनिवार्य होगा तथा साथ ही एक बान्ड/शपथ पत्र भी देना होगा।
7. टेण्डर को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष को होगा।
8. टेण्डर के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि एन.एस.सी./राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में अधिशासी अधिकारी के पदनाम से बन्धक कराकर संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं ठेकेदार के पास उपलब्ध धरोहर धनराशि के अनुसार ही टेण्डर निर्गत किये जायेंगे।
9. टेण्डर फार्म पर टेण्डर रेट (दरें) प्रतिशत आधार पर स्पष्ट अंकित होना चाहिए। उसमें किसी प्रकार की कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी।
10. सी.सी. निर्माण कार्य में बाइब्रेटर चलाना आवश्यक होगा।
11. शासनादेश अनुसार टेण्डर के साथ रु. 100.00 के स्टाम्प पेपर पर स्व-घोषणा पत्र, शपथपत्र नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
12. स्थल का निरीक्षण निविदादाता को टेण्डर देने के पूर्व करना होगा बाद में किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।
13. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिन के अंदर निर्धारित स्टाम्प पर अनुबंध करना एवं लेबर सेस में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
14. स्वीकृत निर्माण कार्य के सापेक्ष भुगतान शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार एवं शासन से धन उपलब्ध होने पर किया जायेगा।

(चन्द्र प्रकाश लोधी, एडवोकेट)
अध्यक्ष
नगर पालिका, परिषद, फतेहपुर

R-2017078114

(श्रीमती रश्मि भारती)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका, परिषद, फतेहपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद, फतेहपुर

पत्रांक :- 138/ 43/ निर्माण/ न.पा.प.फ. (2017-18) दिनांक :- 15.04.2017

निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद फतेहपुर में वर्ष 2016-17 में समस्त पंजीकृत (उत्तर प्रदेश के किसी भी राजकीय विभाग में) ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि अमृत योजना के अन्तर्गत स्वीकृत पार्क एवं ग्रीन स्पेस योजना हेतु दिनांक 08.05.17 को अपरान्ह 3:00 बजे तक सील बन्द निविदायें टेक्निकल/ फाईनेनशियल आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 4:30 बजे निविदादाताओं/ प्रतिनिधि की उपस्थिति में अपर जिलाधिकारी/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय के समक्ष खोली जायेगी। जिसमें टेक्निकल बिड क्वालीफाई करने वाले निविदादाताओं को ही फाइनेनशियल बिड प्रतिस्पर्धा में शामिल किया जायेगा।

निविदा (टेक्निकल बिड एवं फाइनेनशियल बिड) दिनांक 06.05.17 को अपरान्ह 3:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमाकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ 2% धरोहर राशि NSC/ FDR/ बैंक गारन्टी पत्र जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद फतेहपुर के पक्ष में बन्धक हो मूल रुप में संलग्न करना अनिवार्य है। कार्ययोजना से संबंधित किसी भी जानकारी/ शर्त आदि को किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक देखा जा सकता है।

क्र. सं.	कार्य योजना का नाम	स्वीकृत लागत		धरोहर धनराशि	निविदा मूल्य (5%) व्यापार कर	कार्य की अवधि	ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी
		योजना	O & M				
1.	हिकमत उल्ला पार्क का निर्माण कार्य।	40.50 लाख	6.50 लाख	0.94 लाख	1000+ वैट	6 माह	
2.	गांधी पार्क का निर्माण कार्य।	6.99 लाख	0.96 लाख	0.16 लाख	1000+ वैट	6 माह	
3.	महाराणा पार्क का निर्माण कार्य।	16.24 लाख	1.92 लाख	0.37 लाख	1000+ वैट	6 माह	
4.	ज्ञान मन्दिर के सामने अशोक कुमार पार्क का निर्माण कार्य।	9.25 लाख	1.00 लाख	0.21 लाख	1000+ वैट	6माह	

* **अन्य शर्तें निम्नवत रहेंगी।**

1. कार्य योजना के अन्तर्गत सम्मिलित समस्त घटक जैसे-
   - सिविल वर्क
   - हॉर्टिकल्चर एवं लैण्डस्केपिंग
   - चाइल्ड प्ले ऐरिया डेवलपमेंट
   - बेन्च डस्टबिन
   - सोलर लाईट/हाई मास्ट एवं स्ट्रीट पार्क लाइटिंग
   - फाउन्टेन
   - पेयजल व्यवस्था आदि।

   कार्य करने हेतु निविदा दाताओं को अनुभवी/तकनीकी स्टाफ रखना अनिवार्य है।
2. निविदादाताओं को कार्ययोजना के क्रियान्वयन के साथ-साथ उसके अगले 5 वर्षों तक का रख-रखाव करना अनिवार्य है। जिसमें जमानत धनराशि रख-रखाव अवधि बीतने के पश्चात रिलीज की जायेगी।
3. निविदा स्वीकृत होने की सूचना राज्य स्तर पर गठित तकनीकी समिति की स्वीकृति मिलने के उपरान्त दी जायेगी। स्वीकृतोपरान्त ही कार्यादेश जारी किया जायेगा।
4. सशर्त टेण्डर पर विचार नहीं किया जायेगा।
5. नियमानुसार आयकर एवं व्यापार कर, श्रमकर, रायल्टी आदि की कटौती की जायेगी।
6. टेण्डर स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित कीमत के स्टाम्प पर अनुबंध करना अनिवार्य होगा तथा साथ ही एक बान्ड/शपथ पत्र भी देना होगा।
7. टेण्डर को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष को होगा।
8. टेण्डर के साथ निर्धारित धरोहर धनराशि एन.एस.सी./राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में अधिशासी अधिकारी के पदनाम से बन्धक कराकर संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं ठेकेदार के पास उपलब्ध धरोहर धनराशि के अनुसार ही टेण्डर निर्गत किये जायेंगे।
9. टेण्डर फार्म पर टेण्डर रेट (दरें) प्रतिशत आधार पर स्पष्ट अंकित होना चाहिए। उसमें किसी प्रकार की कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी।
10. सी.सी. निर्माण कार्य में बाइब्रेटर चलाना आवश्यक होगा।
11. शासनादेश अनुसार टेण्डर के साथ रु. 100.00 के स्टाम्प पेपर पर स्व-घोषणा पत्र, शपथपत्र नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
12. स्थल का निरीक्षण निविदादाता को टेण्डर देने के पूर्व करना होगा बाद में किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।
13. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिन के अंदर निर्धारित स्टाम्प पर अनुबंध करना एवं लेबर सेस में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
14. स्वीकृत निर्माण कार्य के सापेक्ष भुगतान शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार एवं शासन से धन उपलब्ध होने पर किया जायेगा।

(चन्द्र प्रकाश लोधी, एडवोकेट)
अध्यक्ष
नगर पालिका, परिषद, फतेहपुर

R-2017078114

(श्रीमती रश्मि भारती)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका, परिषद, फतेहपुर